दैनिक ई–पेपर
# दिव्यांग जगत
DIVYANG JAGAT
देश की आवाज़
सम्पादक– उत्तम जैन मो0–7737024290
वर्षः 04 अंक : 14 जयपुर रविवार 14 जनवरी, 2024 E-mail: divyangjagat@gmail.com पृष्ठ–4 मूल्य–निःशुल्क

## आज हवाला में भगवान श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की निकलेगी भव्य यात्रा




**अशोक सैनी - दिव्यांग जगत**

टोंक। आज रविवार 14 जनवरी 2024 को उनियारा उपखंड के पलाई ग्राम पंचायत के ग्राम हवाला में भगवान श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा का आयोजन आज रविवार को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में 45 महिलाएं कलश के साथ यात्रा में शामिल होंगी । यात्रा ठाकुर साहब की नाडी से शुरू हो कर हवाला में बैरवा मोहल्ले से चलते हुए मालियों व धाकडो के मोहल्ले से गुजरेगी जहा पर भगवान श्री राम के भक्तों द्वारा जगह जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया जायेगा । भगवान श्री राम रथ यात्रा में श्री राम का रथ व आचार्य अनिल मिश्रा के मंत्रोच्चार से कार्यक्रम किया जायेगा यह जानकारी समिति के कार्यकर्ता व समाजसेवी मुकेश सैनी, बाबू नागर, पुष्पराज, रामलाल ,मदन ,रामकिशन ,वार्ड मेम्बर बनवारी नागर ने बताया कि इस कार्यक्रम में महिलाएं व पुरुष बच्चे व आसपास के ग्रामवासी बढ़ चढ़कर कर भाग लेंगे।

## स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की विश्व स्तरीय पहचान बनाएंगे-ग्रामीण विकास मंत्री

जयपुर । ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीना ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की विश्व स्तरीय पहचान बनाएंगे। डॉ. मीना शनिवार को जवाहर कला केंद्र में राजीविका द्वारा आयोजित एवं भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा प्रायोजित जयपुर सरस राष्ट्रीय क्राफ्ट मेले के अवलोकन के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों से महिलाओं को और अधिक जोड़ने की आवश्यकता बताई। उन्होंने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर स्वयं सहायता समूहों में काम करने वाली महिलाओं की संख्या, उत्पादों के निर्माण की विधि, उनका मूल्य एवं उत्पादों की बिक्री से होने वाली आय के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इन उत्पादों की मार्केटिंग के लिए प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया जायेगा। उल्लेखनीय है कि मेले में विभिन्न राज्यों के साथ ही राजस्थान के सभी जिलों के स्वयं सहायता समूहों के रेडीमेड गारमेंट्स, साड़ियां, शहद, आचार, पापड़, मंगोड़ी, चमड़े से बने पर्स, बैग, बेडशीट्स, अगरबत्ती, परफ्यूम, खिलौने, लाख की चूड़ियां, मिट्टी एवं लौहे के बर्तन सिरेमिक्स के सजावटी उत्पाद बिक्री



के लिए उपलब्ध हैं। मेला 13 से 21 जनवरी तक प्रातः 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक खुला रहेगा। इस अवसर पर परियोजना निदेशक श्री हरदीप सिंह, राज्य परियोजना प्रबंधक श्री नरेन्द्र कुमार मीना, रमणिका कौर सहित राजीविका के अधिकारी, स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधि एवं आमजन उपस्थित थे।

## ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह पर चढ़ाई गई प्रधानमंत्री मोदी की चादर

एजेंसी

अजमेर। देश–दुनिया में अमन और शांति का पैगाम देने वाली प्रसिद्ध सूफी संत हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चादर पेश की गई। शनिवार को अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी पीएम मोदी द्वारा सौंपी गई चादर लेकर अजमेर दरगाह पहुंचे। यह चादर धानमंडी से दरगाह तक पैदल जुलूस के रूप में लाई गई, फिर चादर और अकीदत के फूल पेश कर देश–दुनिया में अमन और शांति की कामना की गई। इसके बाद दरगाह के बुलंद दरवाजे पर पीएम मोदी दिए गए संदेश को भी पढ़कर जायरीनों को सुनाया। बता दें कि गरीब नवाज का 812वां उर्स चांद दिखने के साथ शुक्रवार से शुरू हो गया है। ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 812वें उर्स मुबारक के अवसर पर ईश्वर से उनके अनुयायियों और अजमेर शरीफ आए सभी श्रद्धालुओं को बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं। भारत के संतों, पीरों और फकीरों ने अपने आदर्शों व विचारों से जन–जन को सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया है। लोगों में अमन शांति सद्भावना और भाईचारे का संदेश देते हुए उन्होंने हमारी सांस्कृतिक एकता को सशक्त किया। ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती ने हमारी संस्कृति परंपरा को और समृद्ध किया। गरीब नवाज के मानवता से जुड़े संदेशों और लोग कल्याण की भावना ने दुनिया भर के लोगों को प्रभावित किया है। उनके वार्षिक उर्स को हमारी सांस्कृतिक विविधता और मान्यता को उत्सव के रूप में मनाना समाज में आपसी जुड़ाव को और मजबूत करता है। अमृत काल में अपनी गौरवशाली विरासत पर गर्व के साथ हम एक भव्य विकसित भारत के निर्माण की ओर अग्रसर है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस कर्तव्य में देशवासियों की एकता एकजुटता और सामर्थ्य से राष्ट्र उन्नति की नई ऊंचाइयों को छूएगा।

## गुलाबपुरा में भाविप के तत्वावधान में दो दिवसीय निशुल्क दिव्यांग कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर रविवार से शुरू



**मुकेश वैष्णव - दिव्यांग जगत**

अजमेर । गुलाबपुरा में भारत विकास परिषद एवं श्री भगवान महावीर विकलांग सदस्यता समिति कोटा के संयुक्त तत्वाधान में स्वर्गीय श्रीमान रामेश्वर लाल तोषनीवाल की पुण्य स्मृति में आयोजित दो दिवसीय दिव्यांग निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर में टीम एक दिन पूर्व पहुंचकर स्थानीय दिव्यांग जनों के लिए कृत्रिम पाव एवं हाथ का नाप लेकर, बनाने का काम शुरू किया । अगले दो दिन 14 एवम 15 जनवरी को भी आने वाले दिव्यांग जनों का पंजीयन का कार्य जारी रहेगा, अब तक 48 दिव्यागजनों ने अपना पंजीयन करवा लिया । इस अवसर पर डॉक्टर दीनदयाल रावल के नेतृत्व में उनकी टीम में तूफान सिंह, केशव सोनी, राजेंद्र कुमार , रामप्रसाद , रामनारायण, राजकुमार सोनी देवकिशन नागर ने कृत्रिम प्रत्यारोपण कार्य शुरू किया । इस अवसर पर परिषद के प्रांतीय पदाधिकारी केडी मिश्रा, संरक्षक सत्यनारायण अग्रवाल, अध्यक्ष कन्हैयालाल सोनी, सचिव दिनेश छतवानी, कोषाध्यक्ष शिवदयाल डाड , सेवा प्रमुख संपत व्यास, रमेश सोनी, सत्यनारायण ऐरन, रामकिशोर चडक, मनोज सेठी , दिलीप दाधीच , मनोज तोषनीवाल आदि मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री मोदी ने आगंतुक पुस्तिका में लिखा जय श्री राम, कालाराम मंदिर का भी किया दर्शन

एजेंसी, नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को गोदावरी नदी की यात्रा के दौरान यहां गंगा गोदावरी पंचकोटि पुरोहित संघ के कार्यालय में आगंतुक पुस्तिका में जय श्री राम लिखा। महाराष्ट्र की एक दिवसीय यात्रा पर मोदी ने शहर में एक रोड शो किया और गोदावरी के किनारे स्थित प्रसिद्ध कालाराम मंदिर में दर्शन भी किये। पुरोहित संघ के अध्यक्ष सतीश शुक्ला ने कहा, ''उन्होंने (प्रधानमंत्री मोदी) आगंतुक पुस्तिका में जय श्री राम लिखा और हस्ताक्षर किए। वह इस स्थान पर आने और गंगा पूजन करने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं।

## स्वामी विवेकानन्द की जयंती पर मनाया करियर डे, स्कूली बच्चों को दी भविष्य निर्माण की जानकारी

**लक्ष्मण वर्मा - दिव्यांग जगत**

गोलाकाबास। स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती तथा कैरियर डे दिवस मनाया गया जिसमे निबंध लेखन, पोस्टर तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में छात्राओं ने भाग लिया पोस्टर प्रतियोगिता में 12 वीं कक्षा की छात्रा काजल बैरवा ने प्रथम स्थान,10वीं कक्षा की तनिषा ने द्वितीय तथा 9वीं कक्षा की अंजलि महावर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया तथा निबंध लेखन में 11 वीं की खुशी ने प्रथम,12 वीं की सोनू योगी ने दूसरा,दीपिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया विजेता तथा सभी प्रतिभागी छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं



बाबूलाल शर्मा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित छात्राओं को आजीविका के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने छात्राओं को पत्रकारिता के क्षेत्र में कैरियर बनाने सहित मास कम्युनिकेशन के बारे में समझाया तथा चुनौतीयों का धैर्य व साहस के साथ मुकाबला करने को कहा तथा अपनी रुची के अनुसार विषय लेकर अपने सपनो को साकार करने के लिए लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ने को कहा इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रतन लाल सैन,शारीरिक शिक्षिका मंशा कुमारी,अध्यापिका सीमा शर्मा,गिर्राज प्रसाद, संतोष मीना, एलडीसी प्रियंका सहित कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्राएँ उपस्थित थी।

# यूपी के दो शहरों को स्वच्छता के लिए सर्वोच्च पुरस्कार

संवाददाता
लखनऊ। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के परिणामों में यूपी को विभिन्न पुरस्कार श्रेणियों में सम्मानित किया गया है। इनमें वाराणसी और प्रयागराज को स्वच्छ गंगा टाउन श्रेणी में सर्वोच्च पुरस्कार प्रदान किया गया है। नई दिल्ली के भारत मंडपम ने आयोजित कार्यक्रम में भारत सरकार के आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने स्वच्छता पर स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के राष्ट्रीय पुरस्कारों की घोषणा की। प्रदेश के नगर विकास मंत्री ए के शर्मा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों से पुरस्कार ग्रहण किए। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में प्रदेश के वाराणसी और प्रयागराज को स्वच्छ गंगा शहर के रूप में क्रमशः पहला और दूसरा स्थान मिला। इन दोनों शहरों को स्वच्छता में उनके समर्पण के लिए राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वाराणसी को थ्री स्टार गार्बेज फ्री सिटी रेटिंग तथा प्रयागराज को वाटर प्लस सिटी का दर्जा भी मिला है। इसके अलावा देश में जोनल स्तर पर उत्तर भारत क्षेत्र में यूपी के तीन शहरों को क्लीन सिटी नार्थ जोन का भी पुरस्कार मिला। इनमें बरवर, अनूपशहर और गजरौला शामिल हैं। एक लाख से 10 लाख तक की आबादी में क्लीन सिटी का राज्य स्तरीय पुरस्कार नोएडा को मिला। इसके साथ ही जीएफसी और ओडीएफ परिणाम भी घोषित किए हैं, जिसमें इस वर्ष यूपी में 65 शहरों को कचरा मुक्त शहर के रूप में प्रमाणित किया गया है। जीएफसी शहरों में वन स्टार के 56, थ्री स्टार के 08 और फाइव स्टार का एक शहर शामिल हैं। यूपी इस वर्ष अनेक और कचरा मुक्त शहरों का प्रमाणन हासिल करने का लक्ष्य बना रहा है। इस वर्ष यूपी के सभी शहर ओडीएफ हो गए हैं। ओडीएफ की विभिन्न श्रेणी में 02 यूएलबी ने पहली बार वाटर प्लस प्रमाणन हासिल किया है। ओडीएफ की अन्य श्रेणी में 129 यूएलबी को ओडीएफ़ के रूप में प्रमाणित किया गया है। 435 यूएलबीएस को ओडीएफ़ के रूप में प्रमाणित किया गया है। इन सब श्रेणियों को मिलाकर यूपी के सभी शहर अब ओडीएफ हो गए हैं। राष्ट्रपति के हाथों से राष्ट्रीय पुरस्कार लेने के बाद यूपी के नगर विकास मंत्री ए के शर्मा ने कहा कि यूपी ने एक इतिहास रच दिया है, क्योंकि यह पहली बार है कि प्रदेश के दो प्रमुख शहरों को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। इतना ही नहीं, राष्ट्रीय पुरस्कार पाने वाले 13 शहरों में से 2 यूपी के ही हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के आशीर्वाद और सीएम योगी के मार्गदर्शन में हमने यूपी के शहरी प्रबंधन में बहुत बड़ा बदलाव लाया है। हम अगले साल और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने बताया कि यूपी ने विगत दो वर्ष में जीएफसी और ओडीएफ में उल्लेखनीय प्रगति की है। जीएफसी यानी कचरा मुक्त शहरों के मामले में इस वर्ष यूपी में 65 शहरों को कचरा मुक्त शहर के रूप में प्रमाणित किया गया है। वर्ष 2021 में केवल 05 शहर ही जीएफसी थे। इस प्रकार, दो वर्षों में इसमें 13 गुना की वृद्धि हुई है। 02 यूएलबी ने पहली बार वाटर प्लस प्रमाणन हासिल किया है। इससे पहले एक भी यूएलबी को वाटर प्लस प्रमाणन नहीं मिला था। यह सर्वोच्च प्रमाणन है जो ओडीएफ़ के बाद मिलता है। 129 यूएलबी को ओडीएफ़ के रूप में प्रमाणित किया गया है। पिछले साल यह आंकड़ा 40 था और 2021 में मात्र 7। 435 यूएलबीएस को ओडीएफ़ के रूप में प्रमाणित किया गया है जबकि पिछले साल इनकी संख्या 411 थी और 2021 में महज 269।

# पार्टी की बैठकों से नदारद वसुंधरा

संवाददाता
जयपुर। लोकसभा चुनावों की तैयारियों के लिए शुक्रवार को राजधानी जयपुर के एक बड़े होटल में भाजपा के पार्टी पदाधिकारियों और अन्य नेताओं की बैठक हुई। इस बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश पार्टी अध्यक्ष सीपी जोशी, राजस्थान प्रभारी अरुण सिंह, छत्तीसगढ़ प्रभारी ओम माथुर, केंद्रीय मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत, अर्जुनराम मेघवाल, कैलाश चौधरी, विधानसभा में सरकारी सचेतक जोगेश्वर गर्ग, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ समेत कई नेता मौजूद रहे। इन सारे नेताओं के बीच राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे इस बैठक में शामिल नहीं हुईं। राजस्थान में भाजपा की जीत और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के शपथ ग्रहण के बाद यह तीसरी बार है, जब वसुंधरा राजे पार्टी की बैठक और मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं हुईं। बैठक में वसुंधरा राजे की अनुपस्थिति से सवाल उठने



लगा है कि क्या वसुंधरा पार्टी से नाराज हैं? या फिर प्रदेश भाजपा में कोई गुटबाजी चल रही है। वसुंधरा की गैरमौजूदगी को लेकर ये सवाल इसलिए भी उठ रहे हैं क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के जयपुर प्रवास के दौरान हुई पार्टी की बैठक से भी किनारा कर लिया था। हाल ही में आईजी–डीजी कॉन्फ्रेंस में शामिल होने के जयपुर पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने पार्टी कार्यालय में नवनिर्वाचित विधायकों और पार्टी पदाधिकारियों के साथ ढाई घंटे तक बैठक की थी, लेकिन इस बैठक में भी वसुंधरा राजे शामिल नहीं हुई थीं, जबकि पार्टी के जयपुर कार्यालय में प्रधानमंत्री की यह पहली बैठक थी। शहरी विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह ने बताया कि बैठक में सभी मंत्री, विधायक और पार्टी पदाधिकारी मौजूद थे लेकिन किन्हीं पारिवारिक कारणों से वसुंधरा राजे बैठक में मौजूद नहीं थीं। शुक्रवार को चुनाव तैयारियों को लेकर हुई बैठक में वसुंधरा राजे के शामिल नहीं होने का कारण उनकी बहू की तबीयत खराब होना बताया जा रहा है। लेकिन तीन बड़े मौकों पर वसुंधरा की गैरमौजूदगी भाजपा में गुटबाजी और अंदरूनी कलह की ओर इशारा करती है। कहीं झालावाड़ में पार्टी से रिटायरमेंट को लेकर किया गया उनका मजाक सही साबित तो नहीं होने वाला? या फिर कहीं कुछ और ही बात है।

## होटलों का गृहकर कम होगा, पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

संवाददाता, लखनऊ। अयोध्या में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही सरकार प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण फैसला किया है। इसके लिए सरकार होटलों के प्रापर्टी टैक्स को कम करने जा रही है। सरकार ने होटलों को उद्योग का दर्जा देते हुए इनपर लगने वाले गृहकर में भारी कमी करने का फैसला किया है। मौजूदा समय में होटलों से आवासीय भवनों पर लगने वाले गृहकर से छह गुना अधिक गृहकर ली जा रही है। सरकार के फैसले के बाद अब सिर्फ तीन गुना गृहकर लिया जाएगा। इससे संबंधित नगर विकास विभाग के प्रस्ताव को बृहस्पतिवार को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन मंजूरी दे दी गई है। बता दें कि प्रदेश में होटलों पर गृहकर की दरें अलग–अलग तय की गई हैं। चार सितारा से कम की रेटिंग वाले होटलों से आवासीय का पांच गुणा गृहकर लिया जाता है।

# कश्मीर में आतंकवाद अंतिम सासें ले रहा, वहां निवेश का मतलब भारत की एकता में निवेश : सिन्हा

एजेंसी
जम्मू। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को यहां कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवाद अंतिम सांसें ले रहा है और निवेशकों को वहां निवेश करना चाहिए क्योंकि ऐसा करने का मतलब भारत की एकता और अखंडता में निवेश होगा। सिन्हा यहां 10वें वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन के हिस्से के रूप में आयोजित एक सेमिनार में संभावित निवेशकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लोगों से जम्मू–कश्मीर पर अपना ध्यान केंद्रित करने और वहां उद्यम स्थापित करके उसे देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने में योगदान देने का आग्रह किया। सिन्हा ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा कि भारत के पड़ोसी के नापाक इरादे सफल नहीं होंगे और जम्मू–कश्मीर की स्थिति, जिसका विशेष दर्जा केंद्र ने 2019 में समाप्त कर दिया था, जल्द ही देश के शेष हिस्सों के समान हो जाएगी। उन्होंने कहा, (जम्मू–कश्मीर में निवेश आकर्षित करने के लिए) अनुकूल माहौल तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है। जम्मू–कश्मीर में निवेश का मतलब भारत में निवेश करना, भारत की एकता और अखंडता में निवेश करना तथा इसके एकीकरण को मजबूत बनाना है। उन्होंने निवेशकों से वादा किया कि वे केंद्रशासित प्रदेश में निवेश करने से लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा, आपको जम्मू–कश्मीर में (निवेश करके) अधिकतम लाभ मिलेगा और आप जम्मू–कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने में भी योगदान देंगे। आतंकवाद अपनी अंतिम सांसें ले रहा है। हमारा पड़ोसी हर बार अपनी ओर से पूरी कोशिश करता है, लेकिन हम केंद्रशासित प्रदेश से आतंकवादियों को खत्म करने की दिशा में काम कर रहे हैं...। सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात को भविष्य का प्रवेश द्वार कहा है, लेकिन राज्य को देश की शारदा पीठ जम्मू–कश्मीर के विकास में भी योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोग जम्मू–कश्मीर की कानून–व्यवस्था को लेकर संदेह से भरे हुए थे, लेकिन राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों से पता चलता है कि केंद्र शासित प्रदेश में अपराध दर गुजरात से भी कम है। सिन्हा ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी नीत सरकार स्थायी रूप से शांति स्थापित करने में विश्वास करती है और मुझे भरोसा है कि आने वाले समय में जम्मू–कश्मीर की स्थिति भी देश के बाकी हिस्सों जैसी ही होगी।

# राजस्थान सरकार ने जारी किया विशेष आदेश

संवाददाता
जयपुर। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन राजस्थान के सभी मंदिरों दिवाली मनाई जाएगी। राज्य सरकार ने आदेश जारी किए हैं कि इस अवसर पर राज्यभर के समस्त



अराजकीय मंदिरों और मंदिरों परिसरों की साफ–सफाई, मंदिर परिसर में सजावट एवं रोशनी की जाएगी। मंदिरों में जो दिए जालाए जाएंगे वे मिट्टी अथवा गोबर से बनाए जाएंगे। इनके अलावा मंदिर परिसर में सत्संग, सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ करवाए जाएंगे। सभी मंदिरों में अयोध्या मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम लाइव प्रसारित किया जाएगा। इस दौरान मंदिरों में विशेष आरती और सजावट की जाएगी। मंदिर में आरती के बाद प्रसाद का वितरण, मुख्य मंदिरों के आस–पास होर्डिंग व बैनर लगवाने के आदेश जारी किए गए हैं। इसके लिए देवस्थान विभाग ने शुक्रवार को सभी जिला कलेक्टर्स को आदेश जारी कर दिए हैं।

# पेपर लीक केस से जुड़े पांच आरोपियों को ED ने किया गिरफ्तार, कोर्ट ने रिमांड पर भेजा

संवाददाता

जयपुर । प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राजस्थान में शिक्षक भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। 11 जनवरी को सुरेश कुमार उर्फ सुरेश साव, विजय दामोर, पीराराम, पुखराज और अरुण शर्मा को पीएमएलए के के तहत गिरफ्तार किया गया। जयपुर की विशेष पीएमएलए अदालत ने पांचों आरोपियों को तीन दिन की ईडी की हिरासत में भेज दिया है। दरअसल, राजस्थान में वरिष्ठ अध्यापक द्वितीय श्रेणी प्रतियोगी परीक्षा 2022 के पेपर लीक मामले की जांच ईडी कर रही है। ईडी ने इस मामले में राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) के पूर्व सदस्य बाबूलाल कटारा, अनिल कुमार मीणा और भूपेन्द्र सरन समेत दो अन्य व्यक्तियों को पहले ही गिरफ्तार किया था। ईडी के अनुसार अरुण शर्मा ने प्रति उम्मीदवार 2 लाख रुपये के बदले अनिल कुमार मीणा को प्रतियोगी परीक्षा में शामिल हो रहे 29 उम्मीदवार उपलब्ध कराए थे। जिनके लिए लीक किए गए पेपर की व्यवस्था की गई थी। अरुण ने पेपर लेने के लिए अनिल मीणा को 10 लाख रुपये का भुगतान भी किया था। ईडी की जांच में सामने आया है कि पीराराम भी पेपर लीक में शामिल था, उसने सुरेश साव के निर्देश पर उम्मीदवारों को लीक हुए प्रश्न पत्र के सही उत्तर देने के लिए अपनी बस उपलब्ध कराई थी। वहीं, पुखराज ने उम्मीदवारों के रहने की व्यवस्था की और 21 दिसंबर 2022 को आयोजित परीक्षा में भी शामिल हुआ था। सुरेश साव ने उसे लीक पेपर भी दिया था। पेपर लीक मामले में सुरेश साव भी सक्रिय रूप से शामिल था। उसने सुरेश ढाका से लीक प्रश्न पत्र लेकर उम्मीदवारों को दिया था, साथ ही उसे हल करने में भी भूमिका निभाई थी। इसी तरह विजय डामोर ने अपने मामा बाबूलाल कटारा (पूर्व आरपीएससी सदस्य) के निर्देश पर इस पूरे मामले में अपना सहयोग दिया था। बता दें कि पेपर लीक मामले में ईडी ने पिछले साल नवंबर में आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। ईडी ने राजस्थान पुलिस की एफआईआर पर संज्ञान लेते हुए मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया था।

# उर्स से पहले पुलिस ने मोबाइल चोरों को धरदबोचा, भीड़भाड़ वाले इलाकों में कर रहे थे वारदात

संवाददाता



अजमेर। उर्स शुरू होने के ठीक पहले अजमेर की दरगाह थाना पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 24 मोबाइल बरामद किए हैं। दरगाह थाना पुलिस की टीम ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की मदद से आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 24 अलग–अलग कंपनियों के कीमती मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। आरोपियों से चोरी के मोबाइल खरीदने वालों के बारे में भी पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम मोहम्मद सलमान, अब्दुल अहमद, शकील खान, सोहेल खान, मोहम्मद अरबाज, शादाब शेख बताए गए हैं। चोरी की बढ़ती वारदातों को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर एवं मुख्यालय महमूद खां और गौरीशंकर शर्मा सीओ दरगाह के निर्देशन में और दरगाह थाना प्रभारी जगदीश मीणा के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था। टीम ने 1 जनवरी से अब तक लगभग 16.90 लाख कीमत के 44 कीमती बरामद किए हैं।

# अफगानिस्तान में 24 घंटे के अंदर तीन बार कांपी धरती

एजेंसी

12 जनवरी को तड़के अफगानिस्तान के हिंदूकुश क्षेत्र में रिक्टर पैमाने पर 4.4 तीव्रता का भूकंप आने के कुछ घंटों बाद अफगानिस्तान में एक नया भूकंप आया। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, ताजा भूकंप सुबह 9.40 बजे आया और 180 किलोमीटर की गहराई पर था। इससे पहले भूकंप सुबह 4.51 बजे आया और 17 किलोमीटर की गहराई पर था। क्षति या हताहत की कोई रिपोर्ट नहीं थी। कल दोपहर 2.50 बजे अफगानिस्तान के इसी क्षेत्र में 6.1 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप के झटके दिल्ली और उत्तर भारत के अन्य हिस्सों, पाकिस्तान के लाहौर और पुंछ सहित जम्मू–कश्मीर के कुछ हिस्सों में भी महसूस किए गए। आपको बता दें कि अफगानिस्तान के पश्चिम में पिछले साल अक्टूबर में आये 6.3 तीव्रता के भूकंप में सात लोगों की मौत हो गई थी, जबकि हजारों घायल हो गए थे। इस आपदा में जीवित बचे लोग तीन माह बाद भी अपने जिंदगी को पटरी पर लाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। हेरात प्रांत में आये भूकंप ने जिंदा जान जिले में सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया था, इस जिले में ऐसा कोई घर नहीं बचा है, जो सही सलामत हो। ऐसे में अब यहां कई परिवार तंबुओं में रह रहे हैं। लोग फिलहाल दान में मिली धनराशि की मदद से अपना गुजारा कर रहे हैं, लेकिन भविष्य को लेकर काफी चिंचित हैं, उन्हें नहीं पता आगे क्या होगा। हबीब रहमान (43) ने बताया कि जिस दिन भूकंप आया वह अपने ससुर के घर पर टीवी देख रहे थे। उन्होंने कहा कि आज भी उस दिन मची चीख–पुकार उनके कानों में गूंजती है। चाहकर भी वह इस खौफ से नहीं निकल पा रहे हैं। 'एसोसिएटेड प्रेस' को हबीब ने बताया, ''इस मिट्टी और धूल को देखकर उस दिन की घटना की याद ताजा हो जाती है। इसका बच्चों के मस्तिष्क पर भी गहरा प्रभाव पड़ा है। कभी–कभी मैं उनका ध्यान भटकाने और भूकंप के बारे में भूलने के लिए (उनकी मदद के तौर पर) उनके साथ खेलता हूं। लेकिन वे इसे भूल नहीं पा रहे हैं।'' जिंदा जान में इस कड़कड़ाती ठंड में सिर छिपाने के लिए लोगों के पास तंबू ही एकमात्र सहारा हैं, लेकिन आंधी–तूफान इन्हें भी क्षतिग्रस्त कर रहे हैं।

# रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी की नेटवर्थ 100 बिलियन डालर के पार पहुंची

एजेंसी

एशिया और भारत के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी के लिए नया साल कई खुशियां लेकर आया है। बेहद शानदार साबित होते हुए इस वर्ष की शुरुआत में ही मुकेश अंबानी की दौलत में बेशुमार बढ़ोतरी हुई है। एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति की दौलत इस दौरान बेहद अधिक बढ़ गई है। मुकेश अंबानी इसी के साथ 100 बिलियन डॉलर क्लब में एंट्री कर गए है। दुनिया के अरबपतियों की सूची में शामिल होकर मुकेश अंबानी ने नया मुकाम हासिल किया है। फोर्ब्स की रियल टाइम बिलियनेयर लिस्ट की मानें तो मुकेश अंबानी की नेटवर्थ 105.2 बिलियन डॉलर हो गई है। उनकी दौतल में 2.66 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जिसके तहत उनकी दौलत 2.7 बिलियन डॉलर पहुंची है। दौलत में आई इस बढ़ोतरी के साथ ही मुकेश अंबानी फिर से उन चुनिंदा अमीरों की सूची में आ गए हैं, जिनकी दौलत 100 बिलियन डॉलर से अधिक है। फोर्ब्स की लिस्ट में मुकेश अंबानी 11वें स्थान पर आ



गए है। इसके साथ ही अंबानी की कंपनी के शेयरों में इजाफा हो रहा है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स पर भी मुकेश अंबानी की दौलत में बढ़ोतरी दिखी है। हालांकि यहां उनकी दौलत 100 बिलियन के पार नहीं पहुंची है। 100 बिलियन डॉलर की संपत्ति हासिल करने से वो सिर्फ एक कदम दूर है। इंडेक्स की मानें तो मुकेश अंबानी की दौलत 99 बिलियन डॉलर तक हो गई है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स में सबसे अमीर लोगों की सूची में मुकेश अंबानी का नंबर 12वां हो गया है।

गौतम अडानी से निकले और आगे

मुकेश अंबानी और गौतम अडानी के बीच संपत्ति का फासला भी बढ़ गया है। गौतम अडानी ब्लूमबर्ग की सूची में 14वें स्थान पर है। ऐसे में मुकेश अंबानी जैसे ही 100 बिलियन क्लब में एंटर हुए है, उसके बाद उनके और अडानी के बीच संपत्ति का फासला अधिक बढ़ गया है।

रिलायंस एमकैप पर हुआ असर

मुकेश अंबानी की दौलत में हुई बढ़ोतरी के पीछे उनकी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्री का हाथ है। हाल ही में रिलायंस इंडस्ट्री शेयरों में बढ़ोतरी देखने को मिली है, जिसके कारण अंबानी की संपत्ति आसमान छूने लगी है। रिलायंस इंडस्ट्री का शेयर इस दौरान अपने नए ऑलटाइम हाई पर पहुंचा जो कि 2,725 रुपये का है।

# अमेरिका और ब्रिटेन की सेना ने यमन में हुती विद्रोहियों को निशाना बनाकर किए हमले

एजेंसी, वाशिंगटन। अमेरिका और ब्रिटेन की सेनाओं ने यमन में ईरान समर्थित हुती विद्रोहियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले एक दर्जन से अधिक स्थलों पर बृहस्पतिवार को बमबारी की। इनमें साजो सामान रखने वाले स्थान, हवाई रक्षा प्रणाली और हथियार भंडारण वाले स्थान शामिल हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि ये हमले यह दिखाने के लिए हैं कि अमेरिका और उसके सहयोगी लाल सागर पर आतंकवादी समूह के हमलों को 'बर्दाश्त नहीं करेंगे'। बाइडन ने कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगियों ने पूरी तरह सोच समझ कर यह कदम उठाया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक बयान में कहा, ''ये हमले लाल सागर में अंतरराष्ट्रीय समुद्री जहाजों पर हुती विद्रोहियों के हमलों के बदले में हैं। इन हमलों ने अमेरिकी कर्मियों, नागरिकों और हमारे साझेदारों को खतरे में डाल दिया है, व्यापार को खतरे में डाला है और नौवहन की स्वतंत्रता को खतरे में डाल दिया है।'' ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि 'रॉयल एयर फोर्स' ने हुती विद्रोहियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले सैन्य प्रतिष्ठानों के खिलाफ लक्षित हमले किए। यमन की राजधानी सना में 'एसोसिएटेड प्रेस' के पत्रकारों ने शुक्रवार तड़के चार विस्फोटों की आवाज सुनी।

# मिडिल ईस्ट में घिरा अमेरिका, हिज्बुल्लाह कर सकता है अटैक

एजेंसी

अमेरिका के ठिकानों पर हिज्जबुल्ला हमला कर सकता है। हिज्जबुल्ला को लेकर अमेरिकी खुफिया विभाग ने चेतावनी दी है। मिडिल ईस्ट में अमेरिकी



बेस पर हिज्जबुल्ला की नजर बनी हुई है। पॉलिटिको की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि हिज्बुल्ला–इजरायल टकराव से अमेरिकी एजेंसियां चिंतित हैं। विदेश में अमेरिकी सैनिकों या राजयिकों पर हमले का डर उसे सताने लगा है। बता दें कि ईरान समर्थित समूह की तरफ से पहले से ही अमेरिकी बेस को निशाना बनाया जा रहा है। बता दें कि बीते हफ्ते ही लेबनान के हिजबुल्लाह ने इजरायली सैन्य अड्डे पर 60 से अधिक रॉकेट दागे। समूह ने कहा कि इस हमले को बेरूत में हमास के उप नेता की हत्या की प्रतिक्रिया के रूप में वर्णित किया गया है। ईरान समर्थित समूह ने कहा कि महान नेता शेख सालेह अल–अरुरी की हत्या के अपराध की प्रारंभिक प्रतिक्रिया के हिस्से के रूप में विभिन्न प्रकार की मिसाइलों से मेरोन वायु नियंत्रण अड्डे को निशाना बनाया गया। 7 अक्टूबर को इजराइल–हमास युद्ध शुरू होने के बाद से इजराइल–लेबनान सीमा पर मुख्य रूप से इजराइली बलों और हमास के सहयोगी हिजबुल्लाह के बीच नियमित रूप से गोलीबारी देखी जा रही है। हिज्बुल्लाह के नाम का अर्थ है शईश्वर की पार्टीश और ये लेबनान का एक शिया इस्लामी आतंकवादी संगठन है।

# ट्रंप ने अदालत में समापन जिरह पर पाबंदी के बावजूद अपनी बात रखी

एजेंसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ न्यूयॉर्क की अदालत में धोखाधड़ी के दीवानी मामले में बृहस्पतिवार की सुनवाई के दौरान समापन जिरह करने पर आधिकारिक रूप से रोक लगाई गई थी, इसके बावजूद उन्होंने संक्षेप में अपनी बात रखने का मौका खोज लिया। न्यायाधीश द्वारा उन्हें बोलने से रोके जाने से पहले ट्रंप को यह कहने का मौका मिल गया कि सुनवाई की प्रक्रिया 'मेरे साथ धोखाधड़ी है।'' पूर्व राष्ट्रपति ने कहा, ''हमारे पास ऐसी स्थिति है जहां मैं एक निर्दोष आदमी हूं। मेरा राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में शामिल किसी व्यक्ति द्वारा उत्पीड़न किया जा रहा है। ट्रंप के करीब छह मिनट बोलने के बाद न्यायाधीश आर्थर एंगोरोन ने उन्हें रोक दिया और दोपहर के भोजनावकाश की घोषणा कर दी। इससे पहले न्यायाधीश ने ट्रंप को मुकदमे में अंतिम दलीलों के दौरान उनका पक्ष रखने की अनुमति रद्द कर दी थी।

# चिकित्सालय में चिकित्सक जिम्मेदारी से काम करें, नहीं तो कार्रवाई होगी - शेखावत

**भारत कुमार शर्मा - दिव्यांग जगत**

नारायणपुर। नारायणपुर कस्बे राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर शनिवार को एम आर एस की बानसूर विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक देवीसिंह शेखावत की अध्यक्षता आयोजित हुई। जिसमें विधायक ने कहा एक माह के अन्दर चिकित्सालय की व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ तो उनके खिलाफ कार्यवाई होगी। उन्होंने चिकित्सालय में सीबीसी मशीन खरीदने बिजली व्यवस्था करने सहित अनेक सुविधाओं लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। विधायक ने सरकार द्वारा दी जाने दवाओं को मरीजों को देने व उपलब्ध नहीं होने पर सूचना बोर्ड लिस्ट चस्पा करने के निर्देश दिए हैं। ग्रामीणों ने विधायक को महिला चिकित्सक व नर्सिंग स्टाफ कमी बात रखी।उधर ग्रामीण के द्वारा चिकित्सकों द्वारा मरीजों के साथ बदसलूकी करने की बात सामने आई।जिस पर विधायक ने आम आदमी व मरीजों से चिकित्सक अपना रवैया सुधारने की बात कही। वहीं विधायक ने चिकित्सालय में एक कमेटी गठित कर सुझाव पेटी में आने वाली शिकायतों पर कमेटी निगरानी रखी जाएगी। जिस कर्मचारी या चिकित्सक की अधिक शिकायत होने पर उसको नोटिस जारी किया जाएगा। नोटिस देने के बाद भी सुधार नही करता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। विधायक ने किया कि एक माह बाद फिर मीटिंग होगी और लापरवाह कर्मचारी अधिकारी को फिर बक्शा नहीं जाएगा उन्हें नोटिस देकर कार्यवाहक की जाएगी। उससे पहले चिकित्सालय का निरीक्षण किया और व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। विधायक ने चिकित्सालय में सार्वजनिक प्याऊ निर्माण करवाने वाला भामाशाह निरंजन रोहिला का सोल उढ़ाकर सम्मान किया गया। मौके पर नारायणपुर उपखंड अधिकारी सत्यनारायण बुनकर, सरपंच प्रतिनिधि भवानी शंकर सैनी, भाजपा मंडल महामंत्री जलेसिंह मीणा, जयराम सैनी, मंडल अध्यक्ष सुरेश कपूरिया, पूर्व सरपंच सुलतान सैनी सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं कर्मचारी एवं अधिकारी मौजूद थे।



# सिरोही में शराब तस्करी का आरोपी गिरफ्तार, तीन महीने से चल रहा था फरार

संवाददाता

सिरोही। सिरोही जिले की पालडी एम पुलिस थाना अधिकारी प्रभुराम की अगुवाई में टीम ने मक्के से भरे बारदानों की आड़ में अंग्रेजी शराब की तस्करी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी बीते तीन महीने से फरार चल रहा था। जानकारी के अनुसार 30 सितंबर 2023 को पुलिस ने अरठवाडा हाईवे कट पर नाकाबंदी की गई थी। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने एक ट्रेलर से पंजाब निर्मित 499 अंग्रेजी शराब के कार्टून जब्त किए थे। यह शराब ट्रेलर में मक्के से भरे 150 बोरों के नीचे छिपाकर ले जाई जा रही थी। पुलिस ने मामले में दिलावरपुर पुथा जिला तरनतारन पंजाब निवासी वकील सिंह पुत्र पालसिंह जट को गिरफ्तार किया था। वहीं, जिला राजकोट गुजरात निवासी धवल सावलिया पुत्र रसिक भाई पटेल सावलिया फरार चल रहा था। तीन महीने बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

# दुष्कर्म का आरोपी तीन दिन की पुलिस रिमांड पर,अलवर गेट थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार

संवाददाता



अजमेर। अलवर गेट थाने के एएसआई नंदभंवर सिंह ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में सिरोही निवासी संजय कुमार (21) को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करके उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे तीन दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है। मामले को लेकर पीड़िता की मां ने रिपोर्ट में बताया था कि उसकी बेटी सुबह 7 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर टीम का गठन करके कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार को आबू रोड से पीड़िता को दस्तयाब किया गया। पीड़िता ने अपने बयानों में आरोपी संजय कुमार द्वारा दुष्कर्म किए जाने की बात कही। पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश कर 3 दिन के रिमांड पर लिया गया है।




## जनरल नॉलेज & करंट अफेयर्स



सुखराम मीणा
(कैरियर मंत्रा & टेक ब्लॉगर)
-Visit us-
www.divyangjagat.com
(दिव्यांग जगत पत्रिका)

# करेंट अफेयर्स प्रश्नोत्तरी

प्रश्न 1 – स्वामी विवेकानंद की जयंती के मौके पर कौन–सा दिवस मनाया जाता है?
उत्तर – राष्ट्रीय युवा दिवस

प्रश्न 2 – केंद्र सरकार के वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण के अनुसार देश का लगातार सातवीं बार सबसे स्वच्छ शहर बना?
उत्तर – मध्य प्रदेश का इंदौर शहर

प्रश्न 3 – हाल ही में किस ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म ने विदेशी यूनिवर्सिटी के 4000 कोर्सेस हिंदी में उपलब्ध कराने की घोषणा की है?
उत्तर – ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म "Coursera

प्रश्न 4 – हाल ही में किसे रक्षा मंत्रालय में एडिशनल सेक्रेटरी के रूप में नियुक्त किया गया है?
उत्तर – समीर कुमार सिन्हा
प्रश्न 5 – हाल ही में विश्व हिंदी दिवस कब मनाया गया है ?
उत्तर – 10 जनवरी

प्रश्न 6 – हाल ही में 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन किस शहर में किया जाएगा ?
उत्तर – नासिक

प्रश्न 7– हाल ही में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने किस देश में संसदीय चुनाव जीता है ?
उत्तर – भूटान

प्रश्न 8 – हाल ही में किस राज्य के रेड आंट चटनी को ळप् टैग मिला है?
उत्तर – ओडिशा